सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी (राज.)

एसओ/ई-।।।/विविघ

दिनांक 13-04-2021

सूचना

विषयः- कोविड-19 के प्रसार को रोकने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश:

कोविड-19 की दूसरी लहर के प्रसार को रोकने हेतु संस्थान में गठित समिति की दिनांक 12-04-2021 को हुई बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा के उपरांत की गई अनुशंसा व निदेशक महोदय के अनुमोदनानुसार निम्नलिखित निर्णय सभी सहमकर्मीयों की सूचना एवं अनुपालन हेतु अधिसूचित किये जाते है:

1. सभी सहकर्मी आवश्यक रूप से मास्क पहनें और सामाजिक दूरी का कड़ाई से पालन करें।
2. एसीएसआईआर विद्यार्थियों को दिनांक 30-04-2021 तक "वर्क फ्रॉम होम" की अनुमति होगी।
3. सभी संबंधित अधिकारी/ प्रभारी अपने अधीनस्थ पीएफ, एसपीएफ, जेआरएफ, एसआरएफ और प्रशिक्षणार्थीयों सहित अन्य परियोजना छात्रों को दिनांक 30-04-2021 तक "वर्क फ्रॉम होम" के लिए प्रोत्साहित करें।
4. प्रशिक्षुओ (अप्रेंटिस) को रोटेशन आधार पर (50% उपस्थिति के साथ) कार्य करने के लिए निदेशित किया जाए।
5. नियमित कार्मिक जिन्हे कोविड-19 संबंधी कोई लक्षण (शरीर में दर्द, सिर में दर्द, डायरिया, बुखार, खांसी) महसूस होता है, वे तुरन्त सीरी डिस्पेसंरी में डॉ. दिनेश गुप्ता, आवासीय चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क करें तथा उनकी सलाह की अनुपालना करें।
6. अन्य राज्यों से आनेवाले सहकर्मी कोविड-19 संबंधी निगेटिव रिर्पोट अवश्य प्रस्तुत करें। उनकी कोविड-19 संबंधी रिर्पोट 72 घंटे से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए ।
7. सभी समूह प्रमुख/विभागाध्यक्ष/ अनुभाग अधिकारी अपने समूह/अनुभाग के सहकर्मियों की बैठने की व्यवस्था के संदंर्भ में सामाजिक दूरी की अनिवार्यता सुनिश्चित करें। उनके साथ कार्यरत्त सहकर्मियों की यात्रा संबंधी सूचना कोविड प्रतिक्रिया दल (श्री वीरेंद्र सिंह और डॉ विजय चटर्जी) को उपलब्ध करवाएँ ।

कोविड-19 संबंधी संशोधित दिशानिर्देश तत्काल प्रभाग से लागू होंगे।

उक्त आदेश निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किये जा रहे हैं।

(महेन्द्र सिंह) 13/04/2021

प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि:

1. निदेशक / प्रशासनिक अधिकारी के निजि सचिव
2. सभी विभागाध्यक्ष/ सभी प्रमुखों को ई-मेल के माध्यम से।
3. सुरक्षा अधिकारी
4. आवासीय चिकित्सा अधिकारी, सीरी चिकित्सा केन्द्र ।
5. संस्थान के सभी सूचना पट्ट ।
6. प्रभारी एनएमसी- इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे सभी की सूचनार्थ संस्थान की वेबसाईट पर अपरोड किया जाए।